# लखनऊ सहित 9 जिलों के 24 औद्योगिक क्षेत्रों का होगा कायाकल्प

**उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सौंपी गई जिम्मेदारी**

**4,025 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में होगा विकास**

**लखनऊ।** लखनऊ और कानपुर सहित नौ जिलों के 24 औद्योगिक क्षेत्रों का विकास होगा। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा आगरा, मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, संतकबीरनगर, मऊ, कानपुर, लखनऊ व रायबरेली में फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक से सड़कें बनेंगी। एफडीआर तकनीक के तहत सड़क की सतह को उखाड़कर उसकी सामग्री को दोबारा उपयोग कर नई सड़क बनाई जाती है।

प्रदेश में इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण व विकास पर सरकार का सबसे ज्यादा फोकस है। इसी क्रम में 24 औद्योगिक क्षेत्रों के कायाकल्प का जिम्मा यूपीसीडा को सौंपा गया है। नौ जिलों में सड़कों के निर्माण समेत स्ट्रीट लाइटिंग, सीसीटीवी, टेलीफोन स्टेशन, बिजली सब स्टेशन, स्ट्रीट फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, प्रवेश द्वार समेत सुविधाओं का विकास शामिल है। कुल 4,025 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य होंगे। इसके लिए यूपीसीडा ने विस्तृत कार्ययोजना (डीपीआर) बनाना शुरु कर दिया है।

सभी 24 औद्योगिक क्षेत्रों को 6 हिस्सों में बांटा गया है। पैकेज 5 में कानपुर के पनकी साइट 1, 2, 3, 4, 5 व चकेरी में क्रमशः 240.60, 112.50, 211.60, 27.40, 147.64 व 114.30 एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित इंडस्ट्रियल एरिया में विकास होगा। पैकेट 6 में लखनऊ के सरोजनी नगर के 87.59 तथा रायबरेली के साइट-1 व 2 में क्रमशः 42.99 व 220 एकड़ क्षेत्र में अवस्थित औद्योगिक क्षेत्रों में विकास होगा। सभी विकास व अपग्रेडेशन के बाद इन्हें संबंधित नगर निगम व नगर पालिका को सौंपा जाएगा। ब्यूरो